# न्यायालय
# सहायक कलक्टर / उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2025 / 186 दर्ज तिथिः—05.05.2025

1. तगाराम पुत्र वरजांगाराम
2. धुडाराम पुत्र वरजांगाराम
3. रामलाल पुत्र काछबाराम
4. लूम्भाराम पुत्र काछबाराम
5. विरधाराम पुत्र काछबाराम
6. रतनाराम पुत्र भूपाराम
7. सुआदेवी पत्नी रतनाराम
8. लीलादेवी पत्नी तगाराम जातियान रबारी
9. छगनाराम पुत्र भंवराराम
10. जीवाराम पुत्र आदाराम
11. तारी पत्नी भंवरा
12. दुर्गाराम पुत्र आदाराम
13. बांकाराम पुत्र भंवराराम
14. भीखाराम पुत्र पाबू
15. शंकरा पुत्र चमना
16. श्रवण कुमार पुत्र भंवराराम
17. हरूराम पुत्र आदाराम जातियान नाई
18. गजाराम पुत्र भगवानाराम
19. गुणेशाराम पुत्र भगवानाराम
20. जीवाराम पुत्र भगवानाराम
21. नारणाराम पुत्र भगवानाराम
22. भीखाराम पुत्र भगवानाराम
23. सादुलाराम पुत्र भगवानाराम जाति कलबी
24. केलीदेवी पत्नी मोहनलाल
25. पांचाराम पुत्र हरूराम
26. पांचु पत्नी जगमाल जाति विश्नोई
27. गेनसिंह पुत्र मदनसिंह राजपूत
28. भूपाराम पुत्र वरजांगाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.18 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested

29. केवलसिंह पुत्र मदनसिंह राजपूत
30. केसरसिंह पुत्र मदनसिंह राजपूत
31. पदमसिंह पुत्र मदनसिंह राजपूत
32. दिलीप पुत्र मूलाराम जाट
33. हरचन्दसिंह पुत्र मुलाराम जाट
34. हिमताराम पुत्र वरजांगाराम रबारी

निवासी उदाणियों की ढाणी, तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

....................प्रार्थी

**बनाम**

1. भादाराम पुत्र धर्माराम
2. दुर्गाराम पुत्र जोराराम
3. अणसीदेवी पत्नी बिजलाराम जाति रबारी
4. गंगाराम पुत्र नाथाराम
5. हाजा पुत्र अना जाति मेघवाल
6. आवडदान पुत्र खेतदान
7. प्रभुदान पुत्र लक्ष्मीदान जाति चारण
8. पुरूषोतम पुत्र मोहनलाल जाति जैन
9. मानाराम पुत्र रावताराम माली
10. सवाराम पुत्र रणछाराम नाई
11. नरसीराम पुत्र तगाराम माली
12. गिरधारी पुत्र पना माली
13. देवीलाल पुत्र लाधुराम विश्नोई

निवासी उदाणियों की ढाणी ग्राम पंचायत डाबड़ तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

...................असल विप्रार्थी

14. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार–गुड़ामालानी जिला बाडमेर

......................तरमीम विप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः– श्री सुखराम विश्नोई
अप्रार्थीगणः– एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128
राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.18 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested

# —:निर्णयः—

निर्णय तिथिः—03.07.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 1199 / 37.9595 है0 के विभाजन से बने हाल खसरा संख्या 1669 / 1199 / 1.2685 है0, 1670 / 1199 / 1.0800 है0, 1687 / 1199 / 0.7912 है0, 1671 / 1199 / 1.2656 है0, 1672 / 1199 / 3.8448 है0, 1673 / 1199 / 1.2658 है0, 1674 / 1199 / 6.3671 है0, 1675 / 1199 / 2.5372 है0, 1676 / 1199 / 0.8403 है0, 1677 / 1199 / 1.7482 है0, 1678 / 1199 / 1.7432 है0, 1679 / 1199 / 0.8985 है0, 1680 / 1199 / 1.2685 है0, 1681 / 1199 / 1.2685 है0, 1682 / 1199 / 1.2685 है0, 1683 / 1199 / 1.3100 है0, 1684 / 1199 / 5.2324 है0, 1685 / 1199 / 2.5372 है0, 1686 / 1199 / 1.4240 है0 मौजा उदाणियों की ढाणी पटवार हल्का मौखावा तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुड़ामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया। जिस पर तहसीलदार गुड़ामालानी के आदेश दिनांक 21.11.2024 की पालना में दिनांक 22.11.2024 को पटवारी हल्का द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी की पत्थरगढ़ी दिनांक 22.11.2024 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बाद तामिल अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 22.11.2024 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.18 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested

*111. Decision of disputes as to boundaries.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*

*(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

*128. Boundary disputes. - All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*

*Provided that applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी सम्वंत 2074—2077 ग्राम उदाणियों की ढाणी में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 22.11.2024 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुड़ामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.18 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested

तगाराम बनाम भादाराम
2025 / 186
निर्णय दिनांकः—03.07.2025

आदेश है कि

**प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा–128 भू–राजस्व अधिनियम–1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 1199/37.9595 है0 के विभाजन से बने हाल खसरा संख्या 1669/1199/1.2685 है0, 1670/1199/1.0800 है0, 1687/1199/0.7912 है0, 1671/1199/1.2656 है0, 1672/1199/3.8448 है0, 1673/1199/1.2658 है0, 1674/1199/6.3671 है0, 1675/1199/2.5372 है0, 1676/1199/0.8403 है0, 1677/1199/1.7482 है0, 1678/1199/1.7432 है0, 1679/1199/0.8985 है0, 1680/1199/1.2685 है0, 1681/1199/1.2685 है0, 1682/1199/1.2685 है0, 1683/1199/1.3100 है0, 1684/1199/5.2324 है0, 1685/1199/2.5372 है0, 1686/1199/1.4240 है0 मौजा उदाणियों की ढाणी पटवार हल्का मौखावा तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगढ़ी कर सीमा निर्धारण किये जाने के आदेश तहसीलदार गुड़ामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना–अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 03.07.2025 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.09.18 19:08:11 IST
Reason: SelfAttested